# 2025

## HINDI — HONOURS

**Paper : CC-9**

**(Hindi Upanyas)**

**Full Marks : 65**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिन्दी उपन्यास)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) जैनेन्द्र के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ख) 'गबन' शब्द का अर्थ क्या है? प्रेमचंद कृत 'गबन' उपन्यास में गबन का आरोप किस पर लगता है?

(ग) सक्सेना किस उपन्यास का पात्र है? वह किस रोज़गार से जुड़ा हुआ है?

(घ) त्यागपत्र उपन्यास का प्रकाशन वर्ष कौन-सा है? उपन्यास में मृणाल की सहेली का क्या नाम है?

(ङ) रमानाथ कलकत्ता में किसके घर पर रहता था? कलकत्ता आकर वह किस वेश्या के संपर्क में आता है?

(च) 'मानस का हंस' उपन्यास में तुलसी के गुरु का क्या नाम था? इस उपन्यास का आरंभ किसकी मृत्यु से होता है?

(छ) 'त्यागपत्र' उपन्यास में मृणाल के पति और उसके भतीजे के क्या नाम थे?

(ज) ज्योतिष जोशी कौन हैं? जोरावर किस वर्ग का प्रतिनिधि है?

(झ) बेनीमाधव किस उपन्यास का पात्र है? वह किसका जीवन-चरित्र लिखना चाहता है?

(ञ) अटल किस उपन्यास का पात्र है? उपन्यासकार का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

'गहनों का गरज न जाने इस गरीब देश में कैसे फैल गया? जिन लोगों के भोजन का ठिकाना नहीं, वे भी गहनों के पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबों रुपए केवल सोना-चाँदी खरीदने में व्यय हो जाते है।'

***अथवा***

'स्त्री और पुरुष में यही तो अंतर होता है। नारी भले ही कामवश माता क्यों न बने किन्तु माता बनकर वह एक जगह निष्काम भी हो जाती है। और पुरुष पिता बनकर भी दायित्व-बोध भली प्रकार से अनुभव नहीं करता।'

(ख) 'मानस का हंस' उपन्यास के आधार पर तुलसीदास के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

'मृगनयनी' उपन्यास के ऐतिहासिक पक्ष की चर्चा कीजिए।

(ग) 'गबन' उपन्यास के आधार पर जालपा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

***अथवा***

'त्यागपत्र' उपन्यास के आधार पर मृणाल की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) 'महाभोज' उपन्यास में वर्णित राजनीतिक विडम्बना।

(ख) देवीदीन का चरित्र-चित्रण।

(ग) 'त्यागपत्र' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता।

(घ) स्त्री विमर्श की दृष्टि से मृणाल का चरित्र-चित्रण।

(ङ) 'मानस का हंस' के गंगाराम का चरित्र-चित्रण।

---